Reg. No. : ....

Name : ....

Code No. 5038

Second Year – March 2017

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – III

HINDI (Optional)

Maximum : 80 Scores

General Instructions to Candidates :

- There is a 'cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool-off time'.
- Use the 'cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और **1** से **4** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

तुम सभ्य तो हुए नहीं
नगर में बसना
भी तुम्हें नहीं आया ।
एक बात पूछूँ - (उत्तर दोगे ?)
तब कैसे सीखा डसना
विष कहाँ पाया ?

1. किस कविता की पंक्तियाँ हैं ? **(Score : 1)**
(विरोधाभास, दो हाथियों की लड़ाई, साँप, सरोज स्मृति)

2. इन पंक्तियों के कवि कौन हैं ? **(Score : 1)**
(सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन, उदय प्रकाश, रामनरेश त्रिपाठी)

3. इस कवितांश का व्यंग्य क्या है ? **(Scores : 2)**

4. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । **(Scores : 7)**

सूचना : 'वास्तव में घर एक पाठशाला है.. ' पाठ का निम्नलिखित अंश पढ़ें और **5** से **10** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

आकाशवाणी पहुँचा तो अरुण कुमार पास्वानजी ने स्वागत किया । उन्हें पहली बार देख रहा था । वे बहुत ही सौम्य और प्रीतिकर व्यक्ति लगे । उनसे ज्यों-ज्यों बात होती गयी उनकी प्रीतिकरता हम दोनों पर छाती गयी । देखा, उनकी मेज़ पर मेरी आत्मकथा (सहचर है समय) रखी हुई है । मैंने पूछा, "आज का कार्यक्रम क्या है ?" उन्होंने कहा, "आपसे थोड़ी बातचीत करनी है ।" मैंने अपना कविता संग्रह (पचास कविताएँ) साथ रख लिया था, यह सोचकर कि शायद कविता-पाठ करना पड़े ।

5. 'वास्तव में घर एक पाठशाला है ...' किस गद्य विधा की रचना है ? **(Score : 1)**

6. अरुण कुमार पास्वानजी ने आकाशवाणी में किसका स्वागत किया ? **(Score : 1)**

7. खंड से एक संबंधबोधक शब्द चुनकर लिखें । **(Score : 1)**

8. खंड से दो समुच्चयबोधक शब्द चुनकर लिखें । **(Scores : 1 × 2 = 2)**

9. खंड का संक्षेपण करें । **(Scores : 7)**

10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखें । **(Score : 1)**

सूचना : सही मिलान करें ।

11. एकांकीकार – लक्ष्मीकांत झा **(Scores : 1 × 4 = 4)**

12. खोई हुई वस्तु की खोज – डॉ. रामकुमार वर्मा

13. क्रांतिकारी कवि – नंददुलारे वाजपेयी

14. राजभाषा और राष्ट्रभाषा – सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

सूचना : वार्तालाप लिखें ।

15. पंडित शादीराम से लाला सदानंद चित्रों को अलबम में लगाने को कहता है । इस संदर्भ का वार्तालाप लिखें ।

(Scores : 7)

सूचना : निम्नलिखित अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और प्रश्न संख्या **16** और **17** के उत्तर लिखें :

Books are our real friends. They always help us. When we are in difficulty they show us the right path. Some of our friends remain with us only in the days of happiness. When sorrow comes they leave us alone. They are not true friends.

(real-सच्चे/सही, difficulty-कठिनाई/मुसीबत, sorrow-दुख, leave-छोड़ना)

16. पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं, क्यों ? **(Score : 1)**

17. अंग्रेज़ी खंड का हिन्दी में अनुवाद करें । **(Scores : 7)**

18. डॉ. सुलोचना की ज़िन्दगी में डॉ. रांगेय राघव के साथ हुए मार्मिक प्रसंगों पर ‘संस्मरण’ लिखें । **(Scores : 7)**

- पहली बार डॉ. रांगेय राघव डॉ. सुलोचना के घर आये ।
- चाय नहीं पिया करते थे ।
- डॉ. सुलोचना बड़ी बहन के ससुराल में गयी ।
- पुस्तकालय में मुलाकात ।

19. हिन्दी नाटक साहित्य पर टिप्पणी लिखें । **(Scores : 6)**

- भारतेन्दु युग
- द्विवेदी युग
- प्रसाद युग

सूचना : **20** से **24** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(Scores : 3 × 8 = 24)**

20. ‘विरोधाभास’ कविता में वर्णित अनुभवों पर कवि सच्चिदानंद अपने मित्र को पत्र लिखते हैं । वह पत्र लिखें ।

- सुबह का अनुभव
- दोपहर का अनुभव
- शाम का अनुभव
- रात का अनुभव

21. ‘कहानी’ की परिभाषा देकर ‘हिन्दी कहानी साहित्य’ पर ‘आलेख’ तैयार करें ।

- कहानी की परिभाषा
- प्रेमचन्द पूर्व युग, प्रेमचन्द युग और प्रेमचन्दोत्तर युग.
- नयी कहानी और समकालीन कहानी

22. विशाल राउण्ट बिल्डिग के लिफ्ट में युवा डॉक्टरनी द्वारा पहली सूचना टाँगे दिन के अनुभवों की ‘डायरी’ लिखें ।

- सूचना टाँगना
- सज्जन का युवा डॉक्टरनी के पास आना
- पत्रकार का युवा डॉक्टरनी के पास आना
- सेठजी का युवा डॉक्टरनी के पास आना

23. ‘दो हाथियों की लड़ाई’ कविता के संदेश के आधार पर ‘निबंध’ लिखें ।

- समय की विद्रूपता का चित्रण
- समान शक्तिशालियों के लड़ने का परिणाम
- लड़ाई को रोकना

24. हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल ‘गद्य काल’ है । लेख तैयार करें ।

- फोर्ट विलियम कॉलेज में भाषा विभाग
- विविध गद्य विधाओं के नाम
- कुछ लेखकों के नाम